वार्तालाप-1421, ज्योति-कनाडा+दिल्ली -रघु, भाग-1 दिनांक 09.05.13
Disc.CD No.1421, dated 09.05.13, Jyoti-Canada+Delhi-Raghu, Part-1
Part-1

समयः 00.01-02.02

जिज्ञासुः बाबा, इंटरनेट पर कई प्रश्न कई सालों से पूछ रहे थे कई बी.केज़ और नॉन बी.केज़, एक्स पी.बी.केज़ वगैरह। उसी की एक सूची है मेरे पास। कुछ आपसे क्लेरिफिकेशन लेना था।

बाबाः आप इन 75 प्रश्नों में से कोई का जवाब नहीं दे पाए?

जिज्ञासुः ना, जवाब तो दिये हैं। ऐसा नहीं है कि नहीं दिये हैं। जवाब तो कईयों के दिये हुए हैं। फिर भी बाबा से क्लेरिफिकेशन लेना चाह रहे थे।

बाबाः अच्छा, वेरिफाय कर रहे हैं।

जिज्ञासुः हाँ, जी।

बाबाः हाँ, जी।

Time: 00.01-02.02
Student: Baba, many BKs and non-BKs, ex-BKs, etc. had been asking many questions from many years on the internet. I have a list of such questions. I wanted to seek some clarifications from you.
Baba: Couldn't you answer any of these 75 questions?
Student: No, replies have been given. It is not that replies haven't been given. Many of them have been replied. Yet, I wanted to seek clarifications from Baba.
Baba: *Acchaa*, you are having them verified.
Student: Yes.
Baba: Yes.

जिज्ञासुः एक प्रश्न उन्होंने पूछा है कि हिन्दुओं का मूल शास्त्र वेद है या गीता क्योंकि वेद तो गीता से भी पुराने माने जाते हैं और हमारे ब्राह्मणों की दुनिया में हम कहते हैं कि जो मुरली है वो वेद हैं।

बाबाः मुरली पहले चली है या मुरली से पहले गीता का ज्ञान सुनाया गया था ज्ञान में? ईश्वरीय ज्ञान में ओम मण्डली जब थी उससे भी पहले गीता का ज्ञान पहले सुनाया गया था, गीता के श्लोकों का अर्थ बैठ करते थे या मुरली सुनाई जाती थी?

जिज्ञासुः पहले गीता का क्लेरिफिकेशन।

बाबाः तो क्या पुराना हुआ?

जिज्ञासुः गीता पुरानी हो गई।

बाबाः बस।

Student: They have asked a question that whether the original scripture of the Hindus is Veda or Gita because Vedas are considered to be older than the Gita and in the world of us Brahmins we say that the murlis are the Vedas.
Baba: Have the murlis been narrated first or was the knowledge of the Gita narrated before the murlis in the path of knowledge? In the path of Divine (*iishwariya*) knowledge when the

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Om Mandali existed, even before that, was the knowledge of the Gita narrated, did they sit and interpret the *shlokas* of the Gita or was murli narrated?
Student: Initially Gita's clarification [used to be given].
Baba: So, what is older?
Student: Gita is older.
Baba: That is all.

समयः 02.30-03.07

जिज्ञासुः अगला प्रश्न पूछा है कि ईव किसे कहेंगे? कृष्ण दादा लेखराज वाली आत्मा को या विजयमाला की हेड को?

बाबाः ब्रह्मा सो विष्णु बनता है ना। ब्रह्मा सो विष्णु बनता है ना। जो भी शास्त्रों में नाम वगैरह आये हैं वो संपन्न स्टेज के आए हैं या अधूरे स्टेज के आए हैं?

जिज्ञासुः संपन्न स्टेज के।

बाबाः तो विष्णु कब बनता है?

जिज्ञासुः संपन्न स्टेज में।

बाबाः और विष्णु बनता कौन है? ब्रह्मा सो विष्णु। हाँ।

Time: 02.30-03.07
Student: The next question that has been asked is that who will be called Eve? Is it the soul of Krishna, Dada Lekhraj or the head of *Vijaymala* (rosary of victory)?
Baba: Brahma becomes Vishnu, doesn't he? Brahma becomes Vishnu, doesn't he? Are all the names that have been mentioned in the scriptures of the complete stage or the incomplete stage?
Student: Complete stage.
Baba: So, when does he become Vishnu?
Student: In a complete stage.
Baba: And who becomes Vishnu? Brahma becomes Vishnu. Yes.

समयः 03.30-04.16

जिज्ञासुः और एडवांस ज्ञान में यह बताया जाता है कि क्रिश्चियन लोग निराकार को मानते हैं। किन्तु वास्तव में क्रिश्चियन लोग गॉड को एक बूढ़े व्यक्ति के रूप में चित्रों में चित्रित करते हैं। तो ये बात कैसे टैली करें?

बाबाः क्या हर बात टैली करने की जरूरत है? जो लोगों की मान्यता है उन सभी मान्यताओं को टैली करने की जरूरत है? या शास्त्रों में जो कुछ भी भूसा भरा हुआ है उस भूसे को टैली करने की जरूरत है? बाबा तो कहते हैं मैं शास्त्रों का सार आके सुनाता हूँ तो जो बाबा सुनाते हैं उसी को टैली करना है या सबके साथ टैली करना है? या जो प्रैक्टिकल में चल रहा है उसको टैली करना है शास्त्रों से।

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Time: 03.30-04.16
Student: And it is told in the advance knowledge that Christians believe in the incorporeal One. But actually, the Christians portray God in the form of an old man in the pictures. So, how do we tally this?
Baba: Is it necessary to *tally* every topic (compare with the topics of knowledge)? Is it necessary to *tally* every belief of the people? Or is it necessary to *tally* all the chaff (*bhuusa*) that is contained in the scriptures? Baba says, I come and narrate the essence of the scriptures. So, should we *tally* only that what Baba narrates or should we *tally* everything [with knowledge]? Otherwise, you should *tally* the things that are taking place in practice with the scriptures.

समयः 04.50-06.20

जिज्ञासुः और अगला प्रश्न उन्होंने पूछा है कि जगदम्बा और लक्ष्मी दोनों में से श्रेष्ठ किसे कहेंगे?

बाबाः लक्ष्य क्या दिया है बाबा ने जीवन का?

जिज्ञासुः नर से नारायण और नारी से लक्ष्मी।

बाबाः तो बाबा का दिया हुआ लक्ष्य श्रेष्ठ होता है या मनुष्य जिसे ज्यादा फालो करें, भीड़भाड़ के लोग ज्यादा पीछे पड़ें, वो ज्यादा श्रेष्ठ होता है?

जिज्ञासुः लक्ष्य को प्राप्त करना।

बाबाः तो प्रश्न जिसने किया है उसकी बुद्धि में तो यही है कि जगदम्बा श्रेष्ठ है क्योंकि सारी दुनिया जगदम्बा के पीछे पड़ती है, जगदम्बा सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती है, लक्ष्मी से तो सिर्फ धन की आशा पूरी होती है। तो बड़ी कौन है? दुनियावालों के लिए बड़ा कौन हुआ?

जिज्ञासुः दुनियावाले जगदम्बा को मानते हैं।

Time: 04.50-06.20
Student: And the next question that they have asked is: who will be called greater between Jagdamba and Lakshmi?
Baba: What is the goal for the life set by Baba?
Student: To change from a man to Narayan and from a woman to Lakshmi.
Baba: So, is the goal set by Baba greater or is the one whom human beings follow more, the one who is followed by more crowd greater?
Student: To achieve the goal.
Baba: So, the one who has raised this question thinks that Jagdamba is greater because the entire world follows Jagdamba; Jagdamba fulfills all the desires while Lakshmi fulfills only the desire of wealth. So, who is greater? Who is greater for the people of the world?
Student: The people of the world believe in Jagdamba.

बाबाः हाँ, जगदम्बा के मेले ज्यादा लगते हैं, वहाँ ज्यादा भीड़ लगती है, लक्ष्मी की उतनी भीड़ नहीं लगती है। लेकिन बाबा क्या कहते हैं? नारी से क्या बनना है? (जिज्ञासु – लक्ष्मी) लक्ष्मी बनना श्रेष्ठ है या जगदम्बा बनना श्रेष्ठ है? (जिज्ञासु-लक्ष्मी बनना श्रेष्ठ है।) जगदम्बा बनेंगे तो हर धर्म की आत्माओं की अम्बा बनेंगे। हर धर्म की आत्माओं की अम्बा बनना

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

अच्छा या देवी-देवताओं की माँ बनना अच्छा? (जिज्ञासु – देवी-देवता सनातन धर्म) श्रेष्ठ के बच्चे श्रेष्ठ होते हैं।

Baba: Yes, more fairs of Jagdamba are organized; bigger crowd gathers there; Lakshmi does not attract crowd to that extent. But what does Baba say? What should we change from a woman to? (Student: Lakshmi) Is it greater to become Lakshmi or to become Jagdamba? (Student: It is greater to become Lakshmi) If you become Jagdamba, then you will become the mother of the souls of all the religions. Is it better to become the mother of all the religions or to become the mother of the deities? (Student: [To become the mother] of the Ancient Deity Religion) The children of someone elevated are elevated.

समयः 07.05-10.20

जिज्ञासुः किसी ने पूछा है कि यदि ब्रह्मा बाबा को बी.केज़ में अभी भी मोह है तो उन्होंने पुनर्जन्म क्यों नहीं लिया और सूक्ष्म शरीर धारण करके क्यों घूमते रहते हैं?

बाबाः जिनकी अचानक मौत होती है उनको सूक्ष्म शरीर मिलता ही है। बाकी बेसिक ज्ञान में उनकी परिपूर्णता थी इसलिए अब उनको बेसिक में दूसरा जन्म नहीं मिल सकता। और एडवांस में उन्हें आना नहीं है। क्योंकि उनका तो जन्म सतयुग में ही होना है। इसलिए।

जिज्ञासुः लेकिन उनकी ये जो परिपूर्णता कही आपने तो ये सिर्फ ज्ञान के हद तक ही सीमित है या...?

बाबाः धारणा के आधार पर। (जिज्ञासु – हाँ, जी?) देवात्माओं में धारणा होती है। देवात्माओं से भी जो ऊँची आत्माएँ हैं वो वो हैं जो संगमयुग में बाप से प्राप्ति करती है। वो देवात्माएं नहीं हैं लेकिन वो देव और दानव दोनों के सरपरस्त हैं, जो संगमयुग में हैं, माना रुद्रमाला। (जिज्ञासु – अच्छा) हाँ।

कहीं संतुष्टि नहीं होती तो आप इंटरनेट के जिज्ञासुओं की तरफ से क्रॉस क्वेश्चन भी करिये।

Time: 07.05-10.20

Student: Someone has asked: If Brahma Baba still has attachment for the BKs, then why wasn't he reborn and why does he wander by taking on a subtle body?

Baba: Those who die a sudden death definitely get a subtle body. But he cannot have rebirth in the basic [knowledge] because he achieved accomplishment there. And he is not going to come to the *Advance* [Party] because he is to be born only in the Golden Age. This is the reason.

Student: But is his perfection that you mentioned limited to the knowledge or?

Baba: On the basis of *dhaaraana* (assimilation of divine virtues). (Student: Yes?) There is *dhaaranaa* in the deity souls. The souls that are higher than the deity souls achieve attainments from the Father in the Confluence Age. They are not deity souls but they, who exist in the Confluence Age, i.e. the *Rudramala*[1] are heads of both deities and demons. (Student: *Achcha*) Yes.

If you don't feel satisfied somewhere, you can also *cross question* on behalf of the students on internet.

[1] Rosary of Rudra

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

जिज्ञासुः उनका ये कहना है कि जैसे मुरली में तो आता है कि बाबा कर्मातीत हो गए या बाबा की स्टेज...।

बाबाः बेसिकली कर्मातीत हो गए। (जिज्ञासु – अच्छा) बेसिक ज्ञान से ऊपर नहीं जा सके। वो मनन-चिंतन-मंथन करने वाली आत्मा नहीं है। बच्चा बुद्धि जो आत्मायें हैं, चर्निंग नहीं कर सकती गहराई में वो जाकरके देवताएं बनेंगे सतयुग में।

Student: They wish to say that it is mentioned in the murli that [Brahma] Baba became *karmaatii* or Baba's stage…

Baba: He became *karmaatiit*[2] *basically* (at a basic level). (Student: *Acchaa*) He could not rise above the *basic* knowledge. He is not the soul that thinks and churns. The souls with a child like intellect cannot do deep *churning*. They will become deities in the Golden Age.

समयः 10.30-17.55

जिज्ञासुः अगला प्रश्न उन्होंने ये किया है कि रुद्र यज्ञ की शुरुआत तो 1936-37 में ओम मण्डली के साथ हुई, जो बाद में ब्रह्माकुमारी संस्था में बदल गया। फिर 1976 के बाद शिवबाबा का पार्ट यदि एडवांस पार्टी में चल रहा है तो क्या बेसिक ब्राह्मणों की दुनिया को भी यज्ञ कहेंगे, विशेषकर तब जब हम पी.बी.केज़ उसे रावण राज्य कहते हैं?

बाबाः गीता ज्ञान जो आदि में सुनाया जा रहा था वो ज्ञान नहीं था? वो ईश्वरीय ज्ञान नहीं था? आदि में जो गीता सुनाई जा रही थी, गीता के श्लोक के अर्थ करते थे वो ईश्वरीय ज्ञान नहीं था? (जिज्ञासु – वो भी ईश्वरीय ज्ञान) वो भी ईश्वरीय ज्ञान था। वो बाप के द्वारा सुनाया गया। (जिज्ञासु – हाँ, जी) और जो 1947 से सुनाया गया उसका मीडियम बाप नहीं था। (जिज्ञासु – माँ थी) हाँ, जी। माँ के रूप में भगवान नहीं होता है।

Time: 10.30-17.55

Student: The next question that they have asked is that the *Rudra yagya* began with Om Mandali in 1936-37, which later changed to Brahmakumari institution. Then if Shivbaba's part is going on in the Advance Party after 1976, then will the world of basic Brahmins also be called *yagya*, especially when we PBKs call it a kingdom of Ravan?

Baba: Was the knowledge of the Gita that was being narrated in the beginning not knowledge? Wasn't it Divine knowledge? Wasn't the Gita that was being narrated in the beginning, wasn't the interpretation of the *shlokas* of the Gita Divine knowledge? (Student: That was also Divine knowledge) That was **also** the Divine knowledge. That was narrated through the Father. And the Father was not the *medium* to narrate [the knowledge] from 1947. (Student: It was the Mother) Yes. And God is not in the form of the mother.

जिज्ञासुः उस पीरियड को यज्ञ नहीं कहेंगे?

बाबाः बातें तो वो ही थी लेकिन न समझने के कारण अपने तरीके से उसमें मिक्सचरिटी होती रही। जो एडवांस ज्ञान है, है तो मुरलियों का ही क्लेरिफिकेशन, ब्रह्मा के मुख से जो वाणियाँ चलाई गई हैं उन्हीं का तो क्लेरिफिकेशन है। लेकिन जो क्लेरिफिकेशन है वो बातें ब्रह्माकुमार-कुमारियों की बुद्धि में बैठी हुई हैं क्या? (जिज्ञासु – नहीं) नहीं बैठी हैं। क्योंकि वो

[2] Went beyond karma

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

तो बच्चा बुद्धि के तरीके से ही मुरलियों को रटे हुए बैठे हैं। उससे आगे कुछ समझना ही नहीं चाहते हैं।

जिज्ञासुः नहीं, कहने का मतलब ये था कि 1947 से 69 तक का जो पीरियड था उसको तो कम से कम यज्ञ कहेंगे ना क्योंकि भले ही माँ के रूप में...

बाबाः यज्ञ ज्ञान को कहा जाता है या अज्ञान को कहा जाता है?

जिज्ञासुः ज्ञान को कहा जाता है।

बाबाः तो बेसिक में ज्ञान है या अज्ञान है? (जिज्ञासु – अज्ञान है, भक्ति है) तो फिर? ज्ञान यज्ञ कहा जाता है। अज्ञान यज्ञ थोड़े ही कहा जाता है।

Student: Will that period not be called *yagya*?
Baba: The topics were the same but because of not understanding, [the Brahmins] continued to mix their [opinion] in them. The advance knowledge is a *clarification* of the murlis themselves; it is a *clarification* of the vanis that were narrated through the mouth of Brahma. But are the topics of *clarification* seated in the intellect of *Brahmakumar-kumaris*? (Student: No) They aren't. It is because they have parroted the murlis like those with a child like intellect. They do not want to understand anything beyond that at all.
Student: No. What I meant to say was that at least the period from 1947 to 69 will be called *yagya* because although in the form of a mother...
Baba: Is knowledge called *yagya* or is ignorance called *yagya*?
Student: Knowledge is called *yagya*.
Baba: So, is there knowledge or ignorance in the *basic* [knowledge]? (Student: There is ignorance, *bhakti*) So, then? It is called *Gyan Yagya* (*yagya* of knowledge). It is not called *Agyan Yagya* (*yagya* of ignorance).

जिज्ञासुः तो फिर तो उसके बाद वाले को तो वैसे ही सवाल ही नहीं उठता। जब 1969 से पहले का ही पीरियड यज्ञ नहीं कहेंगे (बाबा – हाँ) तो उसके बाद वाला तो सवाल ही नहीं उठता जो अभी वहाँ चल रहा है। उसको यज्ञ कहेंगे ही नहीं।

बाबाः क्यों? माने वहाँ?

जिज्ञासुः बी.के में।

बाबाः बेसिक में? हाँ, वो तो है ही नहीं। जो फालोअर्स हैं ब्रह्मा बाबा के या क्राइस्ट के फालोअर्स हैं या बुद्ध के फालोअर्स हैं, वो तो और ही नीची मेन्टेलिटी के होंगे ना। उतनी ऊँची मेन्टेलिटी थोड़े ही हो सकती है।

जिज्ञासुः तो फिर उसके बाद यज्ञ की शुरुआत फिर 1976 से ही कहेंगे फिर, जबसे बाप की प्रत्यक्षता हुई है?

बाबाः हाँ, जी, हाँ, जी। ज्ञान यज्ञ में मुख्य पॉइंट क्या है?

जिज्ञासुः बाप की पहचान।

बाबाः वो है? (जिज्ञासु - नहीं) एडवांस में जब बाप की पहचान है तो ज्ञान है और बेसिक में तो बाप की पहचान ही नहीं है। वहाँ तो माया घुस गई।

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Student: So, then the question does not arise at all for the period after that. When the period prior to 1969 itself is not called *yagya*, (Baba: Yes) then there is no question of the period after that, which is going on there now. It will not be called *yagya* at all.
Baba: Why? Do you mean to say there?
Student: In the BK.
Baba: In the *basic*? Yes, it does not there at all. The *followers* of Brahma Baba or the *followers* of Christ, the *followers* of Buddha; they will have a much lower *mentality*, will they not? They cannot have such a high *mentality*.
Student: So, then will the *yagya* be said to have begun only from 1976, ever since the Father was revealed?
Baba: Yes. Yes. What is the main *point* of the *Gyan Yagya*?
Student: The recognition of the Father.
Baba: Do they have that? (Student: No) When there is recognition of the Father in the advance [party], then there is knowledge. And there is no recognition of the Father at all in the basic [knowledge]. Maya has intruded there.

जिज्ञासुः ब्रह्मा बाबा तो वैसे भी ओपनली अपने को शिव का रथ बताते थे।
बाबाः हाँ, तो मुकर्रर थे या टेम्पररी थे?
जिज्ञासुः टेम्पररी थे।
बाबाः फिर? जैसे कॉलेज होता है या स्कूल होता है, प्रिंसिपल होता है, चला जाता है या छुट्टी पे जाता है, लम्बी छुट्टी, तो कोई न कोई निमित्त बनाया जाता है ना। तो अंतर नहीं होगा? लियाक़त में अंतर होगा या नहीं होगा? (जिज्ञासु – जरूर होगा) होगा। वो वाईस प्रिंसिपल है, वो प्रिंसिपल है। प्रजापिता का टाइटिल तो था लेकिन वो प्रजापिता का टाइटिल भी बाबा ने बताया या उनका खुद का रखा हुआ था? (जिज्ञासु – खुद का) खुदका कहाँ रखा हुआ था? ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शुरू से ही नाम चल रहा है। जो भी स्टूडेन्ट्स थे उनका नाम ब्रह्माकुमार-कुमारी चल रहा था। प्रजापिता शब्द ही नहीं था।
जिज्ञासुः बाद में, 1965 के बाद।
बाबाः वो तो मुरली में बाबा ने बताया ना। तो भी नहीं उन्होंने उसपे ध्यान दिया। अभी तो प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ये नाम भी उड़ा दिया। राजयोग केन्द्र नाम रख दिया हर जगह।

Student: Brahma Baba anyway used to openly call himself as the chariot of Shiva.
Baba: Yes. So, was he a permanent chariot or a temporary chariot?
Student: He was temporary.
Baba: Then? For example, there is a *college* or a *school*; there is a Principal; he departs or goes on leave, on a long leave; so, someone is made instrument [in his place], isn't he? So, will there not be a difference [between both of them]? Will there be a difference between their abilities or not? (Student: There will definitely be a difference) There will be [a difference]. He (the instrument) is a Vice-Principal and he (the person who left) is a Principal. He (Brahma Baba) did have the *title* of Prajapita but was it [Shiv]baba who gave him the *title* of Prajapita or did he keep that *title* himself? (Student: Himself) Did he keep [the title] himself? The name *Brahmakumari Ishwariya Vishwa Vidyalay* has been in existence

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

from the beginning itself. All the students are being called *Brahmakumar-kumaris*. The word Prajapita wasn't there at all.
Student: Later on, after 1965…
Baba: That was told by Baba in the murli, wasn't it? Still he (Brahma Baba) did not pay attention. Now they have removed even this name: *Prajapita Brahmakumari Ishwariya Vishwa Vidyalaya*. They have named it *Rajyog Kendra* (Raja yoga Center) everywhere.

दूसरा जिज्ञासुः शिवबाबा ने भक्ति और ज्ञान दोनों का फाउन्डेशन डाला।
बाबाः शिवबाबा ने? भक्ति का फाउन्डेशन डाला? भक्ति का फाउन्डेशन रावण डालता है या शिवबाबा डालता है?
दूसरा जिज्ञासुः माँ के द्वारा।
बाबाः हाँ, यज्ञ के आदि में ही बाप के द्वारा ज्ञान का फाउन्डेशन पड़ता है। माँ के द्वारा अज्ञान का फाउन्डेशन, भक्ति का फाउन्डेशन। सुनना और सुनाना ये भक्ति मार्ग है। समझना और समझाना ये ज्ञान है। ज्ञान को ही समझ कहा जाता है।

Another student: Shivbaba laid the foundation of *bhakti* as well as knowledge.
Baba: Shivbaba? Did He lay the *foundation* of *bhakti*? Does Ravan lay the *foundation* of *bhakti* or does Shivbaba lay it?
The other student: Through the mother.
Baba: Yes, in the beginning of the *yagya* itself the *foundation* of knowledge is laid through the Father. The *foundation* of ignorance, the *foundation* of *bhakti* was laid through the mother. Listening and narrating is the path of *bhakti*. Understanding and explaining is knowledge. Knowledge itself is called understanding. … (to be continued.)

Part-2

समयः 17.56-19.00

जिज्ञासुः अगला प्रश्न उन्होंने कहा है कि मुरली में कहा है सतयुग में स्वयंवर होता है। इस संबंध में मुरलियों में लक्ष्मी और नारद का उदाहरण दिया जाता है। सतयुग में वास्तव में तो कोई स्वयंवर जैसी बात नहीं होती। तो फिर स्वयंवर कहां की यादगार है?
बाबाः संगमयुग की। सतयुग और त्रेता में कोई जश्न मनाया जाता है क्या? जश्न तो वहाँ मनाया जाता है (जहाँ) दुःख-दर्द होते हैं रोज़। तो थोड़े दिन के लिए जश्न मना लो, उत्सव मना लो। सतयुग में क्या मनाने की दरकार है? ये यहाँ की बात है और सतयुग की शुरुआत कहाँ से होती है? संगम से होती है या सतयुग में ही सतयुग होता है? सत्य क्या यहाँ संगम में नहीं होता है? सत्य का फाउन्डेशन संगम में पड़ता है या नहीं पड़ता है? (जिज्ञासु – पड़ता है) हाँ। तो ये 100% सत्य है।
जिज्ञासुः तो ये स्वयंवर की बात फिर जब...?
बाबाः संगम की है।
जिज्ञासुः हाँ, जब लक्ष्मी नारायण के, संगमयुगी लक्ष्मी-नारायण के संस्कार मिल जाएंगे तबकी यादगार है।

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

बाबाः हाँ जी, हाँ जी।

Time: 17.56-19.00
Student: The next question they have asked is that it has been said in the murlis that *swayamwar*[3] takes place in the Golden Age. In this connection an example of Lakshmi and Narad is given in the murlis. In reality there is no such thing as *swayamvar* in the Golden Age. So, then *swayamvar* is a memorial of which place?
Baba: Of the Confluence Age. Is any function (*jashna*) held in the Golden Age and the Silver Age? Functions are celebrated at a place where people experience sorrow and pain every day. So, they celebrate functions, festivals for a few days. There is no need for celebrations in the Golden Age. It is about this place. And where does the Golden Age begin? Does it begin from the Confluence Age or does the Golden Age begin in the Golden Age (*Satyug* or an Age or truth) itself? Is there not *satya* (truth) here, in this Confluence Age? Is the *foundation* for truth laid in the Confluence Age or not? (Student: It is laid) Yes. So, this is 100% truth.
Student: So, this topic of *swayamvar*…
Baba: It is of the Confluence Age.
Student: Yes, it is a memorial of the time when the *sanskars* of Lakshmi and Narayan, the Confluence Age Lakshmi and Narayan become one.
Baba: Yes, yes.

समयः 19.53-20.58

जिज्ञासुः अगला प्रश्न ये पूछा है कि ब्रह्मा बाबा की युगल जसोदा माता ने लौकिक तथा अलौकिक दोनों ही जीवन में ब्रह्मा बाबा का साथ निभाया, वह भी निर्विघ्न रूप से। फिर उनका मुरलियों में कहीं भी जिक्र क्यों नहीं आता है?

बाबाः लेकिन बाबा ने उनको निमित्त नहीं बनाया? ब्रह्मा बाबा ने जसोदा माता को यज्ञ में माता के रूप में, यज्ञ माता के रूप में निमित्त बनाया या नहीं बनाया? (जिज्ञासु – नहीं बनाया) नहीं बनाया क्योंकि योग्यता नहीं थी। ऐसी बहुत सी कन्याएं-माताएं रहीं यज्ञ में जो लम्बे समय से, आदि से ही रही हैं लेकिन बोल कुछ नहीं पातीं ज्ञान। जैसे उनका कोई पार्ट ही नहीं।

जिज्ञासुः उनका कहीं कोई यादगार भी नहीं बनेगा?

बाबाः किसलिए? यहाँ ज्ञान की बात ज्ञान से हल होगी, ज्ञानी बच्चों से हल होगी या सिर्फ लौकिक रूप से संबंध निभाने से हल होगी? (जिज्ञासु – ज्ञान से हल होगी) हाँ।

Time: 19.53-20.58
Student: The next question that has been asked is that Brahma Baba's wife Jasoda mata maintained relationship with Brahma Baba both in his *lokik* and *alokik* life and that too in an untroubled manner. Then why is she not mentioned anywhere in the murlis?
Baba: But why did Baba not make her instrument (*nimitt*)? Did Brahma Baba make Jasoda mata instrument in the form of a mother in the *yagya*, in the form of *yagyamata* or not? (Student: He did not) He did not make because she did not have the capability. There have been many virgins and mothers like this in the *yagya* for a long time, from the beginning but they are unable to speak anything about knowledge. It is as if they do not have any *part* at all.

[3] A form of marriage where a bride chooses her bridegroom

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Student: Won't there be any memorial of her anywhere?
Baba: Why? Will the topic of knowledge be solved through knowledge here, will it be resolved by the knowledgeable children or will it be resolved just by maintaining the *lokik* relationships? (Student: It will be resolved through knowledge) Yes.

समयः 21.40-24.30

जिज्ञासुः दिनांक 1.11.08 की मुरली में कहा है – त्रिमूर्ति के बाजू में जगह पड़ी है, उस पर लिखना चाहिए कि शिवबाबा और कृष्ण दोनों के आक्यूपेशन ही अलग हैं। पहली बात यह जब समझाओ तब कपाट खुलें। - फिलहाल त्रिमूर्ति के चित्र में यह बात शामिल नहीं है। तो क्या ये शब्द आगे चलके जोड़े जायेंगे?

बाबाः क्या? क्या? त्रिमूर्ति के चित्र में?

जिज्ञासुः त्रिमूर्ति के बाजू में जगह पड़ी है, उस पर लिखना चाहिए कि शिवबाबा और कृष्ण दोनों के आक्यूपेशन ही अलग हैं। पहली बात यह जब समझाओ तब कपाट खुलें। तो फिलहाल तो त्रिमूर्ति के चित्र में ऐसी कोई बात लिखी हुई नहीं है।

बाबाः लिखी हुई नहीं है तो फिर लिखना चाहिए। शिवबाबा के आक्यूपेशन।

जिज्ञासुः वो ही अभी तक (न तो) बी.के वालों ने लिखा है न एडवांस नॉलेज में लिखा गया है।

बाबाः शिवबाबा का... ये वाणी तो, सारी वाणियाँ जो हैं वो सबके सामने थोड़े ही आई हैं। ये कौनसी तारीख की है वाणी?

जिज्ञासुः 1.11.2008 की मुरली में है।

Time: 21.40-24.30
Student: It has been said in a murli dated 1.11.08 – There is [empty] space beside *Trimurty*. You should write on it that the occupation of Shivbaba and Krishna are different. When you explain this topic first then the intellect will open. - At present this topic is not included in the picture of the *Trimurty*. So, will these words be added in future?
Baba: What? What? In the picture of *Trimurty*…?
Student: There is place beside *Trimurty*. You should write on it that the occupation of Shivbaba and Krishna are different. When you explain this topic first then the intellect will open. - At present nothing like this has been written in the picture of *Trimurty*.
Baba: If it has not been written, then it should be written. Shivbaba's *occupation*.
Student: That is what [I am saying], neither the BKs have written this, nor has it been written in the advance knowledge.
Baba: Shivbaba's; this vani, all the vanis have not come in front of everyone. It is a vani of which date?
Student: It is mentioned in the murli dated 1.11.2008.

बाबाः 1.11.2008 की। जो बाद में मुरलियाँ आ रही हैं वो कहीं इधर-उधर से पुरानी गीतापाठशालाओं से भेजी हुई मुरलियाँ छाप दी जाती हैं। तो वो तो दूसरों के पास नहीं हैं। क्या पता सुनाई भी गई हों या ना सुनाई गई हों।

जिज्ञासुः उसको वेरिफाय कर लें? अगर वेरिफाय...

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

बाबाः हाँ वेरिफिकेशन चाहिए ना।

जिज्ञासुः वेरिफिकेशन मिल जाता है तो...?

बाबाः और फिर ये प्वाइंट तो सही है। न भी वेरिफिकेशन हो तो भी शिवबाबा का कर्तव्य अलग और कृष्ण की आत्मा का कर्तव्य अलग। कृष्ण की आत्मा तो देवात्मा है। शिवबाबा तो भगवान है। भगवान के कर्तव्य में और देवात्माओं के कर्तव्य में बहुत फर्क होगा।

Baba: 1.11. 2008. The murlis that are coming afterwards have been collected from here and there, from the old *Gitapathshalas* and printed. So, they are not available with others. Who knows whether they were narrated or not?
Student: Should we verify? If it is verified…
Baba: Yes, its *verification* is required, isn't it?
Student: If we get the verification…
Baba: And this *point* is correct. Even if *verification* is not done, Shivbaba's acts (*kartavya*) are different and the acts of the soul of Krishna are different. The soul of Krishna is a deity soul. Shivbaba is God. There will be a lot of difference between the acts of God and the acts of a deity soul.

जिज्ञासुः मतलब एड किया जा सकता है।

बाबाः हाँ। सर्वगुण संपन्न, 16 कला संपूर्ण, संपूर्ण अहिंसक, मर्यादा पुरुषोत्तम – ये कोई शिवबाबा के गुण थोड़े ही हैं। शिवबाबा सर्वगुण संपन्न बनेगा तो गुणहीन से कौन टकराएगा? लोहा लोहे को काटता है। विष विष को मारता है। दुनिया में इतने असुर भरे पड़े हैं। इनसे टक्कर कौन लेगा? सागर में तो रतन भी होते हैं तो विष भी भरा हुआ होता है। दोनों ही चीज़ें हैं। लेने वाले को जो लेना हो सो ले। असुर विष पीते हैं। शराब पिलाने वाली निकलती है तो उसको झटक के ले लेते हैं। अमृत नहीं ले पाते।

Student: It means that it can be added.
Baba: Yes. Perfect in all the virtues, complete in 16 celestial degrees, completely non-violent, highest among all souls (*purush*) in following the code of conduct (*maryada purushottam*) – these are not the virtues of Shivbaba. If Shivbaba becomes perfect in all the virtues, then who will face those without virtues? Iron cuts iron. Poison kills poison. The world is full of so many demons. Who will face them? There are gems as well as poison in the ocean. There are the both things. A seeker can take whatever he wants. Demons drink poison. When the woman who offers alcohol emerges [from the ocean] then they grab it immediately. They are unable to get the nectar.

समयः 26.03-29.10

जिज्ञासुः इसी प्रकार दिनांक 4.11.2008 की मुरली में कहा है – इन चित्रों में भी करेक्शन होती रहती है। सेवियर अक्षर भी जरूरी है। (बाबाः हँ?) सेवियर।

बाबाः सेवियर क्या?

जिज्ञासुः रक्षक।

बाबाः हाँ।

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

जिज्ञासुः सेवियर अक्षर भी जरूरी है। और कोई न सेवियर है, न पतित-पावन है।
बाबाः दुनिया में और कोई नहीं है। हाँ।
जिज्ञासुः तो फिलहाल यह भी किसी चित्र में यह बात शामिल नहीं है।
बाबाः चित्रों में तो बहुत सी बातें शामिल नहीं हैं। चित्र तो छोटे होते हैं। किताबें ही मोटी-मोटी लिखी जाती हैं। वो ही लिमिटेड हैं। सब बातें कैसे आ जाएंगी? वो तो समझाने वाला जब समझाएगा तब सभी बातें आ सकती हैं। जो किताबें बताती हैं, चित्र बताते हैं, वो तो लिमिटेड ज्ञान है। जब उसको बोलने वाला आमने-सामने बोलता है और प्रश्नों का जवाब देता है तब ही वो सारी बातें क्लीयर होती हैं। कोई जरूरी है चित्रों में हर बात क्लीयर होनी चाहिए, लिखी हुई होनी चाहिए?

Time:26.03-29.10
Student: Similarly, in the murli dated 4.11.2008 it has been said: Correction keeps taking place in these pictures also. The word '*saviour*' is also important. (Baba: Hm?) *Saviour*.
Baba: What *saviour*?
Student: Protector.
Baba: Yes.
Student: The word *saviour* is also important. Nobody else is either *saviour* or purifier of the sinful ones (*patit-paavan*).
Baba: There is nobody else in the world. Yes.
Student: So, at present this topic is not included in any picture.
Baba: Many topics are not included in the pictures. Pictures are small. Books are written in an voluminous way. They are also *limited*. How can they include all the topics? All the topics can be covered when the explainer explains them. Whatever the books tell or the pictures tell is *limited* knowledge. When a narrator speaks face to face and answers the questions, then all those topics become *clear*. Is it necessary that every topic should be made *clear* or written in the pictures?

जिज्ञासुः लेकिन मतलब सुधार किया जा सकता है।
बाबाः हाँ, ठीक है। अगर बाबा ने बोला है तो सुधार करना चाहिए। बाबा ने बोला है ये चित्र यथार्थ नहीं हैं। तीनों ही चेहरे ब्रह्मा के रख दिये हैं। तुम बच्चों को यथार्थ चित्र बनाना चाहिए। तो बनाना चाहिए। अब बनाने वाले को समझाना भी चाहिए।
जिज्ञासुः बाबा, एडवांस पार्टी वाले बना तो देते हैं और इंटरनेट पर सब जगह डाल भी दिया है (बाबा – हाँ) त्रिमूर्ति में ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के कौन-कौन पात्रधारी हैं, राधे-कृष्ण कौन हैं, लक्ष्मी-नारायण संगमयुगी कौन हैं वो सारे चित्र बना के डाल तो दिये हैं।
बाबाः डाल तो दिये हैं। लेकिन?
जिज्ञासुः वो समझाना जरूरी है।
बाबाः समझाना? समझा तो तब सकेंगे जब प्रैक्टिकल में खुद में धारणा हो। अगर धारणा प्रैक्टिकल जीवन में नहीं होगी तो दूसरों को कैसे समझाय सकेंगे? और कौन मानेगा ? इसीलिए तो बोला है विजयमाला का आवाहन करो।

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Student: But I mean to say, they can be improved.
Baba: Yes, it is correct. If Baba has said, then improvement should be done. Baba has said that this picture is not accurate. All the three faces depict Brahma. You children should prepare an accurate picture. So you should make it. Well, the makers should also explain it.
Student: Baba, people of the Advance Party do prepare it and they have also posted them everywhere on the internet (Baba : Yes) that who are the actors playing the role of Brahma, Vishnu and Shankar in the *Trimurty*, who are Radhe and Krishna, who are the Confluence Age Lakshmi and Narayan . They have certainly posted all those pictures.
Baba: They have certainly posted them. But?
Student: It is necessary to explain that.
Baba: To explain? They will be able to explain only when they have assimilated it themselves in practice. If there is no assimilation in the life in practice, then how will you be able to explain to others? And who will accept it? This is why it has been said: Invoke the *Vijaymala.*

जिज्ञासुः और वो बी.के वाले इसलिए भी नहीं मानते क्योंकि एक मूर्ति तो अभी भी बी.के में ही है।

बाबाः तो? वो एक मूर्ति जो बी.के में है वो ज्ञान में संपन्न है? उसने शिवबाबा का ज्ञान उठाया है कि भक्तों के पीछे पड़ी है? मुरली में क्या बोला है? तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति शेर की तरह जो भक्तिमार्ग में दिखा दी है, वो शेर ही है या बाबा ने कुछ और कुछ बोल दिया है? (जिज्ञासु – बकरी है) फिर? बकरी है तो जिसने कान पकड़ लिया वो उसी के अंडर में रहेगी। अब बी.के वालों ने कान पकड़ा हुआ है तो उसी के अंडर में चल रही है। एडवांस वाले अगर सुनाने में सक्षम हो जाएंगे तो उनके अंडर दी कंट्रोल आ जाएगी।

Student: And BKs also do not accept it, because one personality is still among the BKs.
Baba: So? Is that one personality who is among the BKs perfect in knowledge? Has she obtained Shivbaba's knowledge or is she pursuing the devotees? What has been said in the murlis? One personality among the three personalities which has been shown as a lion in the path of *bhakti,* is it a lion in reality or has Baba said something else [about it]? (Student: It is a goat.) Then? It is a goat; so, whoever holds it by its ear, it will remain only *under* him . Now, the BKs have held her ear so she is staying *under* them. When the people of the advance [party] become capable of narrating, then she will come *'under the control'* [of Advance Party].

समयः 30.10-34.12

जिज्ञासुः इसी प्रकार 13.12.2008 की मुरली में लिखा है कि नर्क का रचयिता है रावण। गोले के ऊपर 10 सिर वाले रावण का चित्र बना दो। स्वर्ग के गोले पर चतुर्भुज। लिख भी सकते हो – यह रामराज्य है, यह रावण राज्य है। तो ये भी फिलहाल नहीं है।

Time: 30.10-34.12
Student: Similarly, it has been written in the murli dated 13.12.2008 that the creator of hell is Ravan. Make the picture of ten-headed Ravan on the [World] Cycle. [Make] Chaturbhuj (four-armed one) on the sphere of heaven. You can also write: This is the kingdom of Ram; this is the kingdom of Ravan. So, at present this is also not included.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

बाबाः प्रैक्टिकल में कौन है? प्रैक्टिकल में कौन है? ब्राह्मणों की संगमयुगी दुनिया में रावण राज्य साबित होता है या नहीं साबित होता है? (जिज्ञासुः होता है।) तो कौन है बनाने वाला? मुखिया कौन है? रावण की पूजा क्यों नहीं होती? रावण के मन्दिर क्यों नहीं बनते? रावण के हाथों में वेद-शास्त्र क्यों दिखाए हैं? रावण को अनेक मुख क्यों दिखाए हैं? क्योंकि ब्रह्मा को भी दिखाए हैं अनेक मुख। विष्णु को मुख अनेक नहीं दिखाए जाते। विष्णु को भुजाएं अनेक दिखाई जाती हैं। सहयोगी बनेंगे। मुख से बड़-बड़-बड़-बड़ अनेक तरह की बातें नहीं बोलेंगे। मन्दिर रावण के नहीं बनते। ब्रह्मा के भी? मन्दिर नहीं बनते। रावण के भी पूजा नहीं होती है। ब्रह्मा की भी पूजा नहीं होती। मूर्तियाँ नहीं बनतीं। तो रावण कौन? मुरली में पूछा है। रावण कौन? जरूर कहेंगे ये गुरू लोग। और गुरू लोगों में सबसे बड़ा गुरू कौन, मनुष्य गुरू? (जिज्ञासु – ब्रह्मा)
(जिज्ञासु ने अनुवाद हेतु मुरली प्वाइंट दोहराया)
